आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा – पहाड़ी जिलों के मुख्यालयों में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है।
- यू०पी०सी०एल ने सितंबर माह से अब तक लगभग पांच लाख घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली दरों में पन्द्रह करोड़ रुपए की सब्सिडी दी।
- चमोली जिले में नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 62 लाख रुपए की दस योजनांए मंजूर।
- इसरो ने श्रीहरिकोटा से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–3 मिशन उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

विशेष प्रयास

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि पहाड़ी जिलों के मुख्यालयों में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है। इस मुद्दे को भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे के दौरान उनके समक्ष रखा जाएगा। इस दिशा में अधिकारियों को तैयारी के निर्देश भी दिए गए हैं। देहरादून के रायपुर स्थित राष्ट्रीय खेल सचिवालय में खेल मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेलों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक आयोजित की गई। श्रीमती आर्या ने कहा, राज्य सरकार का प्रयास है कि पिट्ठू, मलखंभ और राफ्टिंग जैसे पारंपरिक खेलों को प्रदर्शन खेलों की बजाय पदक खेलों में शामिल किया जाए। बैठक में खेल मंत्री ने राष्ट्रीय खेलों के लिए आयोजित शिविरों की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली और शेष बचे शिविरों को जल्द आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों और पूर्व में दिए गए आदेशों की समीक्षा भी की। साथ ही हल्द्वानी के गौला पार में प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की प्रगति की जानकारी ली।

सब्सिडी

उत्तराखंड के हिमाच्छादित व अन्य क्षेत्रों में सितंबर माह से अब तक लगभग पांच लाख घरेलू उपभोक्ताओं को यू०पी०सी०एल ने बिजली दरों में पन्द्रह करोड़ रुपए की सब्सिडी दी है। यू०पी०सी०एल ने राज्य के ऐसे घरेलू उपभोक्ता, जिनका हिमाच्छादित क्षेत्रों में मासिक विद्युत उपभोग 200 यूनिट और अन्य क्षेत्रों में 100 यूनिट तक है, उन्हें सब्सिडी देने का निर्णय लिया था। इस पहल के तहत गरीब उपभोक्ता यूपीसीएल कार्यालय में 31 मार्च, 2025 तक वचन पत्र जमा कर सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

<u>अनुपालन और क्रियान्वयन</u>

उत्तराखंड स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रदेशवासियों और राज्य में आने वाले पर्यटकों से किए गए नौ आग्रह के अनुपालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवो, सचिवो, प्रभारी सचिवो और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री के आग्रह के अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी जैसी स्थानीय बोलियों के संरक्षण के संबंध में उच्च शिक्षा और विद्यालयी शिक्षा विभाग को एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गए आग्रह के सम्बन्ध में वन एवं पर्यावरण विभाग को भी कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। साथ ही नदियों के संरक्षण हेतु के लिए जलागम विभाग को कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है।

<u>निरीक्षण</u>

चमोली के उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चमोली–रांगतोली–हरमनी–लासी मोटर मार्ग पर चल रहे अपग्रेडेशन कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि सड़क मोडों पर गुणवत्ता से डामरीकरण नही हुआ है और सड़क किनारे नाली और दीवार निर्माण कार्य भी नहीं किया गया है। साथ ही दो स्थानों पर कॉजवे क्षतिग्रस्त पाए गए। इस पर उप जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निरीक्षण में सामने आई खामियों को 15 दिनों के भीतर ठीक करना सुनिश्चित करें और अपग्रेडेशन कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

<u>आह्वान</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्याय पालिका का आह्वान किया है कि वह सजा की बजाय न्याय पर अधिक ध्यान दें। भुबनेश्वर में नवनिर्मित न्यायालय परिसर का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने यह बात कही। राष्ट्रपति ने विधि समुदाय का आह्वान किया कि वे मुकदमों को बार–बार स्थगित करने से बचें क्योंकि इससे गरीबों को अकारण परेशानी होती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता ने देश में औपनिवेशिक न्यायिक प्रणाली को खत्म कर दिया है। राष्ट्रपति ने भारतीय न्यायपालिका में ब्लैक कोड सिंड्रोम के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रपति ने आम लोगों के लाभ के लिए न्यायिक आदेशों को स्थानीय भाषाओं में बनाने का भी आह्वान किया।

<u>मंजूरी</u>

चमोली जिले में नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए लगभग 62 लाख रुपए की लागत की दस योजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) की बैठक में जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की के दौरान यह स्वीकृति दी। उन्होनें वन, सिंचाई और पेयजल विभाग मिलकर जिले में जल संवर्धन के लिए चिन्हित जल स्रोतों के पूरे क्षेत्र का तकनीकी सर्वेक्षण करते हुए ठोस योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति को परिणाम के साथ प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही उन्होंने राज्य स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजी जाने वाली योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट सोमवार तक उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

<u>इसरो</u>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रोबा–3 उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी सी 59 प्रक्षेपण यान का सफल प्रक्षेपण किया। इसरों के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि उपग्रह को सफलता पूर्वक निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया। प्रक्षेपण के बाद इसरो ने कहा कि पीएसएलवी–सी59 ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–3 उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए उड़ान भरी है। प्रोबा–3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत दो उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। सफल प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक कदम है, जिसे न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है। पीएसएलवी सी–59 उड़ान भरने के 18 मिनट बाद अपनी निर्धारित कक्षा में पहुंच गया और उसने 545 किलोग्राम वजन के दो उपग्रहों को पृथ्वी से 600 किलोमीटर ऊपर पर सफलतापूर्वक स्थापित किया। ये दोनों उपग्रह सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।

<u>स्वच्छता</u>

हरिद्वार नगर निगम शहर को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नगर निगम प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित करने के साथ ही इसे रीसाइकिल करके विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल भी कर रहा है। प्लास्टिक और वेस्ट मैटेरियल से सुंदर वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया है, जिसमें साइकिल के पुराने रिम, टायर और टीन आदि से बच्चों के लिए खेल कूद के उपकरण बनाए गए हैं। निगम के मुख्य सीनेटर अधिकारी श्रीकांत चौधरी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा चलायी गयी स्वच्छ सर्वेक्षण मुहिम के तहत पार्क का निर्माण किया गया है। इसमें महिला सहायता समूह के बच्चों ने भाग लेकर वेस्ट टू आर्ट तर्ज पर यह चीजें बनाई है, जिसमें ई रिक्शा, साईकिल के रिम, प्लास्टिक की बोतल और घर से निकलने वाला ड्राई वेस्ट आदि का इस्तेमाल किया गया है।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर——

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन को राष्ट्रीय सहारा, अमर उजाला सहित लगभग सभी समाचार पत्रों ने अपने मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया है। नवोदय टाइम्स लिखता है— लौट आया समुंदर, देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री। एकनाथ शिंदे, अजित पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ।

निगम कर्मियों को बोनस और बढ़ा हुआ भत्ता मिलेगा। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण की ख़बर है— सातवां वेतनमान ले रहे कर्मियों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता।

एक अन्य ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है— दिल्ली में पुरानी बसों के प्रवेश की खुली राह, प्रदूषण का स्तर कम होने पर ग्रैप—4 के प्रतिबंध हटने के बाद फिर दिल्ली जा सकती हैं 194 बसें।

निकाय चुनाव की एक ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है— निकाय चुनाव में आदर्श आचार संहित होगी सख़्त, राज्य निर्वाचन आयोग ने कई नियमों में किया बदलाव, निगरानी भी बढाई।

निर्बल वर्ग के लिये तैयार होंगे 16 हजार सस्ते घर। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है— आवास विकास परिषद पन्द्रह योजनओं पर कर रहा है काम। एमडीडीए देहरादून में तीन आवासीय परियोजनाओं में बना रहा है 704 फ्लैट।

वहीं हिंदुस्तान समाचार पत्र ने हाइकोर्ट के हवाले से लिखा है— डोईवाला क्षेत्र की नदियों को लेकर दिए आदेश, दो नदियों में मशीनों से खनन पर रोक।

अंधेरी गलियों से को रोशन करेंगी एक हजार पांच सौ लाइट। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण ने ख़बर दी है कि सोमवार से शुरू होगा काम, खराब लाइट भी की जाएंगी ठीक।